PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Geet
Year:1970

Song: Mere mitwa mitwa
Lyricist: Anand Bakshi

मेरे मितवा
मेरे मीत रे
आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे
मेरे गीत रे
ओ मेरे मितवा मेरे मीत रे
आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे
मेरे गीत रे
ओ मेरे मितवा

चाँद चकोरी की प्रेम कहानी
प्रेम कहानी
चाँद चकोरी की प्रेम कहानी
प्रेम जगत में है सबसे पुरानी
सबसे पुरानी
ओ इससे पुरानी एक कहानी
तेरी मेरी प्रीत रे
आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे
मेरे गीत रे
ओ मेरे मितवा

हम ही मिले थे कभी जमुना किनारे
जमुना किनारे
हम ही मिले थे कभी जमुना किनारे
राधा किशन थे कभी नाम हमारे
नाम हमारे
ओ फिर वो मुरलिया फिर वो पायलिया
फिर वो ही संगीत रे
आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे
मेरे गीत रे
ओ मेरे मितवा मेरे मीत रे
आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे
मेरे गीत रे
ओ मेरे मितवा

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.